डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.**

पत्रांकः 545 /पत्रा0सं0–1122/डा.श.मि.रा.पु.वि./2025–26, दिनांक 16 जून, 2025

# //कार्यालय ज्ञाप//

योग दिवस के अवसर पर माननीय कुलाध्यक्ष महोदया द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 07:00 बजे निश्चित समय पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाना है। कार्यक्रम का जियोटैग फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ भी प्रेषित किये जाने के निर्देश हैं।

उक्त के अनुपालन में विश्वविद्यालय परिसर में स्थित समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण से अपेक्षा है कि सूर्य नमस्कार के अभ्यास हेतु दिनांक 18.06.2025, 19.06.2025 एवं 20.06.2025 को प्रातः 07:00 बजे प्रशासनिक भवन के सम्मुख उपस्थित होकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि यदि सम्भव हो तो इस अभ्यास एवं कार्यक्रम में अपने परिजनों को भी सम्मिलित करने का कष्ट करें।

इन्हीं कार्यक्रमों के अन्तर्गत "**Yoga Under The Sky** आकाश की छांव में योग के रंग जीवन में" का आयोजन प्रशासनिक भवन के सम्मुख दिनांक 19.06.2025 को सांय 06:30 बजे आयोजित किया सुनिश्चित है जिसमें समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण की उपस्थिति भी अपेक्षित है।

परिसर से दूर रहने वाले समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण से अपेक्षा है कि कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में दिनांक 18.06.2025, 19.06.2025 एवं 20.06.2025 को अभ्यास हेतु परिजनों सहित ऑनलाइन जुड़ने का कष्ट करेंगे एवं मुख्यालय में स्थित समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थीगण कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 06:00 बजे विश्वविद्यालय के फुटबॉल ग्राउण्ड में अनिवार्य रूप से अवश्य उपलब्ध रहें।

भवदीय

**(रोहित सिंह)**
कुलसचिव

**पृष्ठाकंन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. निदेशक, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ।
4. डॉ0 बृजेश राय, संयोजक एक साथ योग।
5. डॉ0 कौशिकी सिंह, समन्वयक, सांस्कृतिक समिति।
6. समस्त सदस्य, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ।
7. समस्त सदस्य, स्थायी आयोजन समिति।

**(रोहित सिंह)**
कुलसचिव